हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शनिवार 6 जून 2026

11 युवाओं ने धरती का कर्ज चुकाने का लिया संकल्प...



12 जनगणना में ओबीसी की अनदेखी पर पिछड़ा ...



## खबर संक्षेप

### अस्पताल में रक्तदान शिविर 13 जून को

**भिवानी।** मानवता और सेवा भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 13 जून को चौधरी बंसीलाल सामान्य अस्पताल के रक्तकोष में रक्तदान शिविर आयोजित होगा। विश्व रक्तदाता दिवस की पूर्व संध्या पर होने वाले इस शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना और युवाओं को रक्तदान के प्रति जागरूक करना है। शिविर 9 बजे से 11 बजे तक चलेगा।

### बीएलओ एवं सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण 8 से

**लोहारू।** लोहारू विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) को लेकर एसडीएम एवं निर्वाचक पंजीयन अधिकारी मनोज दलाल की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में बीएलओ और सुपरवाइजरों के प्रशिक्षण कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा की गई। एसडीएम ने बताया कि प्रशिक्षण 9 से 11 जून तक विभिन्न चरणों में सिवानी, बहल और लोहारू के शिक्षण संस्थानों में आयोजित किया जाएगा।

### इग्नू में दाखिले के लिए डीईबी-आईडी अनिवार्य

**चरखी दादरी।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) में जुलाई 2026 सत्र के लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्म पाल ने बताया कि दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रवेश के लिए डीईबी-आईडी बनाना अनिवार्य है।

### बिजली पेंशनर्स की मासिक बैठक आयोजित

**भिवानी।** हरियाणा बिजली पेंशनर्ज वेलफेयर एसोसिएशन की मासिक बैठक नेहरू पार्क में जिला प्रधान बालमुकंद बापोड़ा की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन जिला महासचिव आरके चावला ने किया। सदस्यों ने निगम के उदासीन रवैये पर नाराजगी जताते हुए कहा कि बार-बार मांगें रखने के बावजूद पेंशनर्ज की समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। बैठक में निर्णय लिया गया कि एसोसिएशन के पदाधिकारी जल्द ही संबंधित अधिकारियों से मिलकर लंबित मामलों का निपटारा कराने का प्रयास करेंगे।

### मंगल सिंह खरेटा को लोगों ने दी श्रद्धांजलि

**तोशाम।** किसान योद्धा मंगल सिंह खरेटा की तीसरी पुण्यतिथि पर उनके पैतृक गांव खावा में हरफूल सिंह जुलानी वाला गोशाला खावा के प्रांगण में किसान भवन स्थल पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उनको श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए विभिन्न संगठनों से व खापों के विभिन्न व्यक्तियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित के साथ-साथ उनकी तीसरी पुण्यतिथि पर पौधारोपण करके श्रद्धासुमन अर्पित किए। यह कार्यक्रम गांव स्थित उनके समाधि स्थल पर श्रद्धा और सम्मान के साथ आयोजित किया गया। मंगल सिंह खरेटा जीवनभर किसानों के अधिकारों और हितों के लिए आवाज उठाई थी ।

---

### पब्लिक हेल्थ ने अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने का उठाया बीड़ा

# मिताथल में मेन लाइन से 125 अवैध कनेक्शन काटे

**50 उपभोक्ताओं को जारी किए नोटिस**

विभाग की इस तरह की कार्रवाई के बाद उपभोक्ताओं में हड़कम्प मच गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी



भिवानी। गांव मिताथल में अवैध कैनेक्शन काटते हुए।

गली व सड़क के अंतिम छोर पर बसने वाले लोगों के लिए राहत की खबर। अब पब्लिक हेल्थ ने अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने का बीड़ा उठाया है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए विभाग ने गांव मिताथल की फिरनी से गुजर रही पीने के पानी की लाइन से करीब सवा सौ (125) कनेक्शनों को हटवाया गया है। उनकी जगह लकड़ी की डाट लगाकर बंद किया है। उक्त सभी कनेक्शन बिना फ्रूल के लगे हुए थे। जिस वजह से लाइन के अंतिम छोर पानी नहीं पहुंच पा रहा था। इसी क्रम में पब्लिक हेल्थ विभाग के अधिकारियों ने इसी तरह के करीब 50 उपभोक्ताओं को नोटिस जारी किए है। इन सभी उपभोक्ताओं के कनेक्शन भी अवैध है। जिनको भी हटाया जाना है। विभाग की इस तरह की कार्रवाई के बाद उपभोक्ताओं में हड़कम्प मच गया।

शुक्रवार को पब्लिक हेल्थ विभाग के अधिकारी व कर्मचारी गांव मिताथल की फिरनी से गुजर रही मेन लाइन की जांच शुरू की। जिस पर करीब 125 पानी के ऐसे कनेक्शन मिले,जिनका विभाग में कोई रिकार्ड नहीं था। मौके पर पहुंचे अधिकारी व कर्मचारियों ने इन उपभोक्ताओं से पानी का कैनेक्शन जारी होने के बारे में कोई कागजात या दस्तावेज मांगा,लेकिन कोई दस्तावेज नहीं दिखा पाए। उसके बाद टीम ने इन सभी कनेक्शनों को काट दिया। हालांकि कुछ लोगों ने इसका विरोध भी जताया,लेकिन अधिकारियों के दस्ते के आगे उनकी एक नहीं चली। टीम ने सभी इस तरह के उपभोक्ताओं के कैनेक्शन काट दिए। बताया जाता है कि विभाग ने यह फैसला लाइन के अंतिम छोर पर रहने वाले उपभोक्ताओं के घरों तक पानी पहुंचाने के लिए लिया है। बताया जा रहा है। कनेक्शन काटे जाने के बाद विभाग के अधिकारियों ने इस तरह के करीब 50 उपभोक्ताओं को नोटिस जारी किए है। उन उपभोक्ताओं को कहा गया है कि वे जल्द इन अवैध कनेक्शनों को हटाए। नहीं तो उनके कनेक्शन काटने के साथ साथ उनके खिलाफ विभागीय विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी। चूंकि ये सभी पानी के कनेक्शन बिना फ्रूल के लगाए हुए है। जिस वजह से इन नलों में पानी ज्यादा बह जाता है और लाइन के अंतिम छोर तक पूरा पानी नहीं पहुंच पाता। जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है। दूसरी तरफ जिन उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए है। उन उपभोक्ताओं को कड़ी चेतावनी दी गई है कि अगर बिना अनुमति के कोई भी कनेक्शन लगाया गया तो उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

#### सोमवार को सैय में चलाया जाएगा अभियान

जानकारी के अनुसार पब्लिक हेल्थ विभाग ने मिताथल गांव के बाद अब गांव सैय में अवैध कनेक्शनोंधारकों के खिलाफ अभियान शुरू करने जा रहा है। इसके लिए विभाग सोमवार से गांव सैय में अवैध कैनेक्शनधारकों के खिलाफ अभियान चलाएगा। इस दौरान गांव में जितने भी उपभोक्ता है। उन सभी की पानी के कैनेक्शन की फाइलों व दस्तावेजों की जांच होगी। जिनके पास दस्तावेज नहीं मिले। उन सभी के पानी के कैनेक्शन हटाए जाएंगे। इस दौरान पानी की मुख्य लाइन पर लगे सभी कैनेकशनों की जांच होगी और इनमें फ्रूल नहीं मिला तो सभी कनेक्शनों को हटवाया जाएगा। गांव में यह अभियान तब तक चलेगा, जब तक सभी अवैध कैनेक्शन नहीं हट जाते।

#### अंतिम छोर पर नहीं पहुंच रहा था पानी

पब्लिक हेल्थ के कनिष्ठ अभियंता अरविंद श्योराण ने बताया कि कई गांवों में फिरनी से निकली मेन पानी की लाइन में लोगों ने अवैध कनेक्शन किए हुए है। जिस वजह से लाइन के अंतिम छोर पर रहने वाले लोगों के घरों तक पानी नहीं पहुंच पाता। इसी कडी में गांव मिताथल में अभियान चलाया था और अभी तक गांव में करीब सवा सौ के आसपास अवैध पानी के कनेक्शन काटे गए है। कुछ उपभोक्ताओं को नोटिस भी जारी किए गए है। इन कनेक्शनों के बंद होने के बाद अंतिम छोर तक पूरा पानी पहुंच जाएगा। साथ ही उन्होंने बताया कि मिताथल में अभियान पूरा होने के बाद गांव सैय में सोमवार से अभियान चलाया जाएगा। यहां पर अवैध कनेक्शनों को काटा जाएगा।

---



भिवानी। बाजार के मुख्य राह पर पुलिस द्वारा लगाए गए बेरिकेड्स।

## बाजारों में सुबह 9 बजे से रात 9 तक थ्री-फोरव्हीलर की नो एंट्री

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी



शहर के लोगों के लिए राहत भरी खबर। अब सुबह नौ बजे से लेकर शाम नौ बजे तक शहर के व्यस्तम बाजारों में ई रिक्शा के अलावा थ्री व फोरव्हीलरों का प्रवेश पूरी तरह से बंद रहेगा। इस दौरान इस तरह के वाहनों को बाजार के अंदर नहीं जाने दिया जाएगा। इसके लिए पुलिस प्रशासन ने मुख्य बाजारों के आगे बेरिकेटिंग की है। ताकि बाजार में इस तरह के वाहनों की भीड़ को रोका जा सके। साथ ही अगर किसी वाहन चालक ने नियमों का उल्लघंन किया तो उस वाहन का उसी वक्त चालान काटा जाएगा। पुलिस ने यह व्यवस्था आज से ही कर दी।

जानकारी के अनुसार पुलिस ने शहर के बाजारों को जाम की स्थिति से मुक्ति दिलाने के लिए घंटाघर चौक, नया बाजार फूलों वाला चौक, नया बाजार के प्रवेश पर बैरियर लगाए गए है। इन बैरियरों पर एक एक पुलिस कर्मचारी तैनात रहेगा। जोकि वहां से किसी भी रिक्शा, ऑटो व अन्य वाहनों को अंदर नहीं जाने देगा। सुबह नौ बजे से लेकर देर शाम नौ बजे तक बंदिश रहेगी। इससे पहले व बाद में इस तरह के वाहन अंदर जा सकेंगे। इस दरम्यान केवल दोपहिया वाहनों को ही बेरिकेटस से प्रवेश मिल पाएगा। यहां यह बताते चले कि शहर के बाजारों में ई रिक्शा की तादाद बहुत ज्यादा बढ़ती जा रही है। जिस वजह से आए दिन सड़कों पर जाम लग रहे है। कई बार तो जाम में वाहन चालक घंटों तक फंसे रहते है।

इस समस्या से छुटकारा पाए जाने के लिए पुलिस ने यह नई व्यवस्था की है। आज से शहर में थ्री व फोरव्हीलर वाहनों को सुबह नौ बजे से लेकर शाम नौ बजे तक पूरी तरह से बंदिश रहेगी।

---



भिवानी। शिक्षा बोर्ड में पौधारोपित करते हुए।

## पौधे लगाएं और उनकी जिम्मेदारी लें: शंकर लाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

पर्यावरण केवल पेड़ों एवं नदियों का नाम नहीं हैं। यह हमारा जीवन है। आज का दिन केवल चिंता करने का नहीं है, बल्कि चिंतन और संकल्प का है। जलवायु परिवर्तन कोई काल्पनिक खतरा नहीं है, यह हमारे सामने खड़ी सच्चाई है। हर युवा से, बल्कि हर नागरिक से आग्रह है कि अपने जीवन के विशेष अवसरों पर एक पौधा अवश्य लगाएं। केवल लगाएं ही नहीं वरन् बड़ा होने तक उसकी जिम्मेदारी लें।

सिंगल यूज प्लास्टिक को पूर्णतया ना कहें और अपनी दैनिक आदतों में पानी और बिजली की बचत को शामिल करेंगे। प्रकृति हमें सब कुछ मुफ्त देती है, लेकिन उसकी एक ही शर्त है- सम्मान। अगर हम आज प्रकृति का सम्मान करेंगे तो प्रकृति हमारा भविष्य सुरक्षित करेगी।

ये उद्गगार आज विश्व पर्यावरण दिवस पर हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष शंकर लाल धूपड़ ने बोर्ड परिसर में पौधारोपण कर व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि हम सब प्रकृति के प्रति अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए पर्यावरण की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए अपने आवास/आसपास पौधारोपण अवश्य करें। विश्व पर्यावरण दिवस का मूल उद्देश्य हमारे वातावरण को स्वच्छ व शुद्ध रखना तथा पर्यावरण की रक्षा के लिए लोगों को जागरूक करना है। इसके लिए लोगों को ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने होंगे।

---

**एसडीएम ने ग्राम सभा में जानी लोगों की राय**

## कस्बे को जाम मुक्त और हर-भरा बनाने के लिए सबकी भागीदारी से तैयार होगा रोड मैप : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तोशाम

**मॉडल के रूप में सुरेंद्र सिंह चौक से भिवानी रोड, सिवानी रोड और हिसार रोड को पेड़ लगाकर किया जाएगा हरा-भरा**

एसडीएम संदीप कुमार ने शुक्रवार को तोशाम कस्बे को जाम मुक्त और हरा-भरा बनाने के लिए पंचायत घर में ग्राम सभा की बैठक करके कस्बे के प्रबुद्ध जनों, जनप्रतिनिधियो, विभिन्न व्यापार मंडलों के प्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों के सुझाव सांझे किए।

एसडीएम की अध्यक्षता में प्रशासन, जन प्रतिनिधियों तथा आम जनता को भागीदार बना कर ग्राम सभा में कस्बे को जाम मुक्त और हराभरा बनाने के रोड़ मैप तैयार किया गया। मॉडल के रूप में सुरेंद्र सिंह चौक से भिवानी रोड़, सिवानी रोड़ और हिसार रोड़ को पेड़ लगाकर हरा-भरा किया जाने का पंचायत घर में विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ माँ के नाम लगा कर पौधा रोपण कर शुभारम्भ किया। हरेक दुकान दार को पेड़ गोद लेकर उसका पालन पोषण और रख रखाव करेंगे। ग्राम सभा में मुख्य बाजार सहित पूरी बाबा मुंगिपा नगरी की सुरक्षा के लिए मुख्य चौराहो पर हाई स्पीड सीसी टीवी कैमरे लगाए जाएंगे। वहीं कस्बे की रात में भव्यता बढ़ाने के लिए लाइटें लगाई जाएंगी। बाजार और मुख्य सड़कों पर दुकानों और रहड़ियों के लिए जगह चिन्हित करके निशानदेही तय की जाएगी ताकि जाम ना लगे। पुराना अस्पताल को तुड़वा कर रेहड़ी मार्केट बनाई जाएगी। झील के पास गाड़ियों के लिए पार्किंग बनाई जाएगी। इसके अलावा कस्बे को नशा मुक्त बनाने सहित तमाम पहलुओं पर विस्तार पूर्वक सुझाव सांझे किए गए। ग्राम सभा में एसईपीओ अजय कुमार, वन राजिक अधिकारी बजरंग तंवर, ग्राम सचिव कवंरभान, सरपंच राजेश तंवर, पूर्व सरपंच नानक चंद, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि डॉ. संतलाल, पूर्व सरपंच देवराज गोयल, मास्टर अश्वनी, पंच लक्ष्मण दास सहित विभिन्न व्यापार मंडलो के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

---

## चेयरमैन ने मार्केट कमेटी बैठक में किसानों की सुविधाओं पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

**नई अनाज मंडी स्थित अटल किसान मजदूर कैंटीन का निरीक्षण किया**

**किसानों और मजदूरों को किसी प्रकार की समस्या या असुविधा नहीं होने दी जाएगी**

मार्केट कमेटी के चेयरमैन कृष्ण निलाहेड़ी की अध्यक्षता में मार्केट कमेटी कार्यालय में समिति की बैठक भी आयोजित हुई। बैठक में वाइस चेयरमैन संजय कुमार वैद्य सहित समिति के सदस्यों ने मंडी व्यवस्था, किसानों एवं मजदूरों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं तथा अन्य विषयों पर विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक के उपरांत समिति के सदस्यों ने किसान विश्राम गृह तथा नई अनाज मंडी स्थित अटल किसान मजदूर कैंटीन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान चेयरमैन ने कहा कि मंडी में आने वाले किसानों और मजदूरों को किसी प्रकार की समस्या या असुविधा नहीं होने दी जाएगी। वहीं दूसरी ओर विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मार्केट कमेटी भिवानी द्वारा नई अनाज मंडी स्थित पार्क में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मार्केट कमेटी भिवानी के चेयरमैन कृष्ण निलोहड़ी, वाइस चेयरमैन संजय कुमार वैद्य तथा समिति के सदस्यों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर मंडी प्रधान नरेश बसंत सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं मार्केट कमेटी के कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

## राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन के तहत आवेदन आमंत्रित

**किसान उत्पादक संगठनों के लिए 200 किसानों का पंजीकृत होना जरूरी**

**चरखी दादरी।** जिला के किसानों को मूंगफली का प्रमाणित बीज का वितरण किसानों में किया जाना है जिसके लिए वैल्यू चेन पार्टनर्स एवं किसान उत्पादक संगठनों का चयन किया जाना है। इसके लिए 10 जून तक आवेदन मांगे गए हैं, जो संबंधित कृषि उपमंडल अधिकारी के माध्यम से कृषि उपनिदेशक के कार्यालय में जमा करवाएं जा सकते हैं। आवेदन करने वाले का कम्पनी अधिनियम या सहकारी समिति अधिनियम के तहत पंजीकृत होना व कम से कम 3 वर्ष का अनुभव जरूरी है। वैल्यू चेन पार्टनर्स एवं किसान उत्पादक संगठनों के लिए 200 किसानों का पंजीकृत होना जरूरी है साथ ही पिछले तीन वर्षों में वार्षिक टर्नओवर औसतन 9 लाख रुपये से अधिक होनी चाहिए। किसान उत्पादक संगठनों में किसानों द्वारा कम से कम 3 लाख रूपये की इक्विटी होनी चाहिए।

---

### परमसंत कंवर महाराज ने साध संगत को प्रवचनों से किया निहाल

# परमात्मा को अपने भीतर खोजें: कंवर साहेब

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी



राधा स्वामी दिनोद परमसंत कंवर महाराज ने कहा कि संतों ने अपने-अपने ढंग से परमात्मा का गुणगान किया है। जिस भी महापुरुष को देखो, सभी ने प्रभु को ही सर्वस्व माना है। हजूर महाराज वर्तमान में एक माह की विदेश यात्रा पर हैं। आज कनाडा में सत्संग प्रेमी डॉक्टर रेड्डी के निवास पर आयोजित सत्संग में परम संत कँवर साहेब ने साध-संगत को अपने इन अमृत वचनो एवं पावन दर्शन से अनुग्रहित किया। संतों ने अपने-अपने ढंग से परमात्मा का गुणगान किया है।

जिस भी महापुरुष को देखो, सभी ने प्रभु को ही सर्वस्व माना और हर कार्य में उनका चिंतन, सुमिरन तथा महिमा का वर्णन किया। लेकिन संत नामदेव की भक्ति का रंग ही निराला था। उनकी महानता का अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि उनकी वाणी को भी गुरु ग्रंथ साहिब में स्थान दिया गया है। नामदेव जी प्रभु-प्रेम में इतने रंगे हुए थे कि सांसारिक सुख-दुख उन्हें विचलित नहीं कर पाते थे। उनकी झोपड़ी तक टूट गई, पर उन्हें कोई चिंता नहीं हुई। वे हर वस्तु में प्रभु का ही दर्शन करते थे। उनकी वाणी का भाव था— "सब गोविंद है, गोविंद बिन नहीं कोई।" अर्थात जो कुछ भी दिखाई देता है, वह सब उसी परमात्मा का स्वरूप है। जब कोई व्यक्ति पूर्ण विश्वास और सच्चे प्रेम से प्रभु पर भरोसा कर लेता है, तब प्रभु स्वयं उसके कार्य सँवारते हैं। उसकी पीड़ा और परेशानी में सहायता करते हैं। सभी संतों ने गुरु की महिमा का गुणगान किया है। गुरु के बिना ज्ञान नहीं और गुरु के बिना कल्याण नहीं।

---


## परमात्मा को पाने का एकमात्र सरल मार्ग सच्चा प्रेम और समर्पण: अनीता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

***शिव मंदिर में चल रही है सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा***

भीम स्टेडियम रोड पर सदर थाना के पास स्थित शिव मंदिर में जारी सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ के 5वें दिन शुक्रववाार को कथाव्यास अनीता शास्त्री (अनीता शांडिल्य) द्वारा श्रद्धालुओं को प्रभु भक्ति, मानव जीवन के मूल्यों और विभिन्न पौराणिक प्रसंगों का रसपान कराया गया।

कथा के मुख्य विचार को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि परमात्मा को पाने का एकमात्र सरल मार्ग सच्चा प्रेम और समर्पण ही है। अहंकार कभी भी मनुष्य का भला नहीं कर सकता, क्योंकि अहंकार प्रभु भक्ति में सबसे बड़ा बाधक है, साधक नहीं। कथा के दौरान अनीता शास्त्री ने मनु वंश की महिमा का सुंदर वर्णन किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार राजर्षि सत्यव्रत ने भगवान की सेवा से ज्ञान प्राप्त किया और वही इस कल्प के वैवस्वत मनु हुए। उन्होंने सृष्टि की उत्पत्ति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संसार के आधारभूत परम पुरुष परमात्मा की नाभि से एक स्वर्णिम कमल कोष प्रकट हुआ और फिर ब्रह्मा जी का चतुर्मुख आविर्भाव हुआ। इसके बाद ब्रह्मा जी के मन से मरीचि आदि ऋषि पैदा हुए। कथाव्यास ने मनु वंश के पवित्र और कीर्तिवान पुरुषों के पराक्रम का विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने कश्यप ऋषि से दक्षनन्दिनी अदिति के वंश के वर्णन के साथ-साथ इक्ष्वाकु, नृग, शर्याति, नभग, अम्बरीष, विकुक्ष, युवनाश्व, हरिश्चंद्र (रोहिताश्व), सगर, दिलीप, भागीरथ सहित सूर्यवंश के महान राजाओं के इतिहास को श्रद्धालुओं के समक्ष रखा।



# सीखने के लिए समस्या का होना जरूरी नहीं : बिग बी

**मुंबई।** मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने जिंदगी में आने वाली समस्याओं और उनसे डील करने को लेकर एक पोस्ट लिखा है, जो चर्चा में है। उनका कहना है कि समस्याओं को तुरंत ही सुलझाने की जरूरत नहीं, क्योंकि वो हमें परिस्थितियों की गहरी समझ, उनसे जुड़े ज्ञान और अनुभव को हासिल करने का अवसर लेकर आती हैं। वो हमें और भी समझदार और परिपक्व बना देती हैं। सीखने के लिए समस्या का होना जरूरी नहीं है, लेकिन अगर अगली बार ऐसी कोई समस्या आती है, तो न केवल उसके समाधान के लिए, बल्कि उससे जुड़ी हर संभावना को समझने के लिए तैयार रहना चाहिए। इससे पहले एक अन्य पोस्ट में उन्होंने बदलाव की अहमियत और उसे स्वीकारने के बारे में लिखा। साथ ही कहा कि आखिर में सबकुछ खत्म हो जाएगा, लेकिन हर चीज का अंत बदलाव का सामना किए बिना नहीं होगा। अमिताभ बच्चन ने लिखा, 'समस्याओं की एक अच्छी बात यह है कि वो बाद में भी समस्याएं ही रहेंगी। उनसे तुरंत निपटना जरूरी नहीं है। हर दिन कुछ न कुछ सीखने को मिलता है।.. और किसी न किसी समस्या के सामने आने से मन में एक तरह की बेचैनी पैदा होती है, जिससे उस समस्या का पूरा ज्ञान और समझ मिलती है।

## लाइफ Style

# तमन्ना
## आध्यात्मिक जर्नी की दिखाईं झलकियां



तमन्ना भाटिया ने अपने आध्यात्मिक जर्नी की झलकियां दिखाई हैं। पूजा-पाठ, मंत्रों की गूंज, श्रद्धा भाव और गुलाबी बनारसी साड़ी में लिंग भैरवी देवी पुण्य पूजा का आयोजन। इस दौरान तमन्ना ने जो महसूस किया, उसे शब्दों में बताने की भी कोशिश की है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

तमन्ना भाटिया ने स्पिरिचुअल जर्नी की जो कहानी सुनाई है, वो काफी लोगों को हैरान कर सकती है। तमन्ना ने अपने इंस्टाग्राम पर लिंग भैरवी देवी पुण्य पूजा की 9 झलकियां दिखाई हैं और इस पोस्ट के कैप्शन में इस डिवाइन फीलिंग को बयां किया है। उन्होंने अपने कैप्शन में बताया कि घर में दिनभर चली प्रार्थना, पूजा और पॉजिटिव एनर्जी का असर ऐसा था कि उन्हें लग रहा था जैसे वहां हर तरफ सब चीज बेहद खूबसूरत है। उन्होंने लिखा, 'सभी लोग जा चुके थे। मंत्रों का जाप शांत हो चुका था। पूजा पूरी हो चुकी थी। फिर भी मैं देवी के पास बैठी थी और चाहती थी कि बस ये दिन खत्म ही नहीं हो। उस जगह में अभी भी बहुत जीवंतता थी। एक ऐसे घर की एनर्जी, जहां दिन भर प्रार्थना, सेलिब्रेशन, हंसी, भक्ति और सबका साथ रहा। ऐसा लग रहा था मानो हवा में कोई खूबसूरत चीज अभी भी बसी हुई है, जो यहां से जाने से इनकार कर रही है।' कैप्शन में आगे कहा है, 'इस दिन को और भी खास बना दिया फैमिली, अपने और वे सभी लोग जो इस एक छत के नीचे इकट्ठा हुए थे। मैंने हमेशा महसूस किया है कि जब कोई इस तरह का आध्यात्मिक कार्य घर में होता है तो यह न केवल इसे आयोजित करने वालों को, बल्कि दरवाजे से अंदर आने वाले हर व्यक्ति को प्रभावित करती है।

## हॉलीवुड मसाला



# आइस एज बॉइलिंग पॉइंट का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** आइकॉनिक झुंड के रोमांच के मचअवेटेड अगले अध्याय आइस एजः बॉइलिंग पॉइंट का बिल्कुल नया टीजर ट्रेलर और पोस्टर अब रिलीज हो चुका है। यह फिल्म 5 फरवरी 2027 को अंग्रेजी और हिंदी में केवल सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मैमथ, सेबर-टूथ टाइगर, स्लॉथ और ढेर सारी प्रागैतिहासिक अफरा-तफरी से भरी दुनिया में लौटने के लिए तैयार हो जाइए! अब तक की सबसे लोकप्रिय एनिमेटेड फ्रेंचाइजी में से एक आइस एज आधिकारिक तौर पर आइस एजः बॉइलिंग पॉइंट के साथ बड़े पर्दे पर वापसी कर रही है, और इसका उत्साह लगातार बढ़ता जा रहा है। टीजर में मैनी (आवाजः रे रोमानो), डिएगो (आवाज़ः डेनिस लेरी), सिड (आवाज़ः जॉन लेगुइज़ामो), बक (आवाज़ः साइमन पेग) और एली (आवाज़ः क्वीन लतीफा) एक बार फिर साथ नज़र आते हैं।



# एक्शन और विजुअल्स बने 'ही मैन' की सबसे बड़ी ताकत

**नई दिल्ली।** फैंटेसी और एडवेंचर फिल्मों के शौकीनों के लिए 'ही मैन एंड द मास्टर्स ऑफ द यूनिवर्स' एक शानदार सिनेमेटिक एक्सपीरियंस लेकर आई है। जिसमें शानदार एक्शन तो है ही। साथ में इमोशन से भरपूर लम्हे, हाई लेवल के ग्राफिक्स और ऐसी दुनिया जो एक अलग ही लेवल की लाइफ को बयां करती हैं। फैन्स काफी समय से इस फिल्म फिल्म का इंतजार कर रहे थे। और, ये कहना गलत नहीं होगा कि फिल्म ने आते ही उन्हें नॉस्टेलजिक कर दिया है। फिल्म से जुड़े शुरुआती रिस्पॉन्स के मुताबिक फिल्म दर्शकों को थिएटर में बांधे रखने में कामयाब हो रही है। खास तौर पर इसकी विजुअल क्वालिटी और क्लाइमैक्स सीक्वेंस बड़े पर्दे के लिए तैयार किए गए ही लगते हैं। जो दर्शकों को रोमांचित करते हैं। फिल्म समीक्षक रमेश बाला ने इस फिल्म को पांच में से 3.5 स्टार्स दिए हैं। उन्होंने ट्वीट में लिखा कि ये एक सॉलिड एक्शन पेक्ड एंटरटेनर है। जो नॉस्टेलजिया से भरपूर है। जिसकी वर्ल्ड बिल्डिंग भी खासी इंप्रेसिव है। उनके मुताबिक फिल्म के एक्शन सीक्वेंस ही इसकी जान है। जिनके जरिए ही मैन की दुनिया को बड़े पर्दे पर काफी लार्ज तरीके से और खूबसूरती के साथ पेश किया गया है।



# पेड्डी का 135 करोड़ का धमाका सारी फिल्में हो गईं चित

**नई दिल्ली।** 'पेड्डी' इस साल मच-अवेटेड फिल्म में से एक है। फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है, जिसमें राम चरण, जाह्नवी कपूर, शिवा राजकुमार, जगपति बाबू, दिव्येंदु, बोमन ईरानी और रवि किशन जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में हैं। अब रिलीज होने के साथ ही राम चरण की फिल्म 'पेड्डी' ने थिएटर्स में तूफान ला दिया है। हिम्मत, जज्बे और दिल छू लेने वाली कहानी को देखने के लिए थिएटर्स में भारी भीड़ उमड़ रही है। अब 'पेड्डी' के पहले दिन का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन सामने आ गया है। मेकर्स की ओर से मिली जानकारी के अनुसार 'पेड्डी' ने अपने पहले दिन दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर 135.36 करोड़ रुपए से ज्यादा का ग्रॉस कलेक्शन कर लिया है। जिससे यह इस साल की सबसे बड़ी ओपनिंग करने वाली फिल्मों में से एक बन गई है।



# फहलाज मेरी नींव के पत्थर थे : गोविंदा

**मुंबई।** गोविंदा ने पहलाज निहलानी को अंतिम विदाई देने के बाद मीडिया से बात की और बताया कि प्रोड्यूसर ने ही उन्हें गरीबी से बाहर निकाला था। गोविंदा को पहलाज निहलानी ने साल 1986 में आई फिल्म इल्जाम से बॉलीवुड में लॉन्च किया था। इसके बाद उन्होंने एक्टर संग शोला और शबनम और आंखें के अलावा कई और फिल्में बनाईं। जब गोविंदा की पहली फिल्म हिट हुई थी, तो उन्होंने एक साथ 49 फिल्में साइन कर ली थीं। एक मैगजीन ने तो तब गोविंदा को 'सोने के अंडे देने वाली मुर्गी' बता दिया था। गोविंदा ने पहलाज निहलानी को याद करते हुए कहा, पहलाज निहलानी, हमारी नींव के पत्थर थे। माई और मुझ जैसे कलाकार जो गरीबी के दौर से ऊपर आए, उसमें हमें आपका सहयोग रहा। गोविंदा ने फिर आगे कहा, 'मैं पूरे सिंधी समाज को और पहलाज जी को प्रणाम करता हूं।

## टीवी मसाला



# 'भाबीजी घर पर हैं 2.0' हुआ फ्लॉप, विभूति ने जताई थी आपत्ति

**नई दिल्ली।** आसिफ शेख टेलीविजन के साथ फिल्मों में भी काम करने को लेकर जाने जाते हैं। उनको असली पहचान शो भाबीजी घर पर हैं से मिली थी। इस शो में उन्होंने विभूति नारायण मिश्रा का किरदार निभाया था। अगर उनके कॅरियर की बात करें तो उन्होंने साल 1984 में टीवी शो हम लोग से शुरुआत की थी। इसके अलावा एक्टर काफी बड़ी फिल्मों में नजर आए, जिसमें करण अर्जुन, भारत जैसी तमाम फिल्मों के नाम शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार उनका नाम शो में 300 से अधिक किरदार निभाने के लिए वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स-लंदन में भी दर्ज किया गया है। बीते दिनों शो भाभी जी घर पर हैं 2.0 दर्शकों के बीच में आया। इस प्रोजेक्ट से दर्शकों को काफी उम्मीदें थीं। लेकिन, शो दर्शकों के बीच कोई खास जगह नहीं बना पाया। हाल ही में एक्टर ने इस शो से जुड़ी शेयर की और अपना दुख जाहिर किया। उन्होंने कहा कि इस शो में जो फैब्रिक था, वो पूरा बदल गया था। मैं भी इसके पक्ष में नहीं था। शो का क्या मतलब रहा? मैं ऐसा पहला इंसान हूं, जिसने इस शो में यह फैब्रिक बदलने का विरोध किया। लेकिन ये ऊपर से ऑर्डर्स आए थे, इसलिए मैं भी कुछ नहीं कर पाया। पुराने शो में आपने देखा कि कैसे विभूति दूसरे घर में जाकर भाभी जी से मजाक करता है। आपने यह पूरा फैब्रिक ही चेंज कर दिया। एक्टर ने आगे कहा कि शो में मेरा लीड किरदार था।

## 41 साल पुराने सीरियल रजनी की वापसी

**नई दिल्ली।** बात 1985 की है। इस साल दूरदर्शन पर एक शो आया था जिसका नाम था 'रजनी'। इस शो में एक हाउसवाइफ होती है जिसका ऊसूल होता है कि कोई भी चीज वो हर कसौटी पर कसकर खरीदती है। फिर वो चाहे घर का सामान हो या फिर गैस का सिलेंडर। रजनी का ये किरदार प्रिया तेंदुलकर ने



निभाया था, जबकि इसके डायरेक्टर करण राजदान थे। अब 'रजनी 2.0' की दूरदर्शन पर वापसी हो रही है। डायरेक्टर करण राजदान ने शो के बारे में कहा कि 'रजनी' पहले भी दूरदर्शन पर आता था। दूरदर्शन ने मुझे इसके अगला पार्ट बनाने के लिए ऑफर दिया। हालांकि, एक बड़े चैनल को भी मैंने यह आइडिया सुनाया था। उनको भी काफी पसंद आया। सबसे बड़ी बात यह है कि उनका कहना था कि 'रजनी 2.0' में 2 एपिसोड्स में पूरा केस सॉल्व कैसे कर सकती है? मैं कहता हूं कि आज के समय हमारे देश में ऐसी धाराएं आ गई हैं जो हाल ही कंज्यूमर की प्रॉब्लम सॉल्व करती हैं। इस शो को डीडी नेशनल पर देखा जा सकेगा। डायरेक्टर ने आगे बताया कि आज के समय आप अपना खुद का केस कंज्यूमर कोर्ट में जाकर लड़ सकते हो। आपको किसी की जरूरत नहीं है। यह बात मैं लोगों तक पहुंचाना चाहता था।

## द इंडिया स्टोरी का टीजर रिलीज

# दूध और खाने में मिलावट अस्पताल में तड़पते लोग



**मुंबई।** काजल अग्रवाल और श्रेयस तलपड़े की अदाकारी से सजी अपकमिंग फिल्म 'द इंडिया स्टोरी' का टीजर रिलीज हो गया है। इस फिल्म की कहानी थोड़ी अलग होने वाली है। इसमें खाने पीने की चीजों में मिलावट और खेती में केमिकल के गलत इस्तेमाल पर प्रकाश डाला गया है। टीजर में फिल्म की झलक की दिखी है। एक मिनट 26 सेकंड के टीजर में देखा जा सकता है कि तरबूज में इंजेक्शन लगाया जा रहा है। दूध और पनीर में मिलावट की जा रही है। इसी तरह से फसल में कीटनाशक का इस्तेमाल किया जा रहा है। टीजर में दिखाया गया है कि मिलावटी और जहरीला खाना खाने से लोग बीमार पड़ रहे हैं और अस्पताल के चक्कर काट रहे हैं। टीजर में किसी भी मुख्य कलाकार को नहीं दिखाया गया है। इसमें डेटा खाने पीने में मिलावट की तस्वीरें और वीडियो दिखाई गई हैं। टीजर के आखिर में बताया गया है कि फिल्म 24 जुलाई को रिलीज होगी। इसके निर्देशक चेतन डीके होंगे। 'द इंडिया स्टोरी' का टीजर एक ऐसी कहानी की झलक देता है, जिसमें आज के मद्दे होंगे। इसमें दिखाया जाएगा कि खाने-पीने की चीजों में कैसे मिलावट की जाती और यह हमें कैसे बीमार कर रहा है। यह फिल्म लोगों को सोचने पर मजबूर करेगी और जागरूक करेगी।

# गोलमाल 5 में सुपरनैचुरल एलिमेंट के साथ होगा हॉरर-कॉमेडी का तड़का



**मुंबई।** रोहित शेट्टी की सुपरहिट 'गोलमाल' फ्रेंचाइज की अगली फिल्म यानी 'गोलमाल 5' को लेकर काफी समय से चर्चा है। फैंस फिल्म की अनाउंसमेंट के वक्त से ही इसे लेकर क्रेजी हैं। 'गोलमाल 5' में अक्षय कुमार भी हैं और उनकी एंट्री ने फैंस की उत्सुकता को और बढ़ा दिया है। इस बीच 'गोलमाल 5' की कहानी से लेकर स्टारकास्ट और किरदारों के बारे में अहम जानकारी सामने आई है। इस बार कहानी में सुपरनैचुरल एलिमेंट के साथ हॉरर-कॉमेडी का तड़का भी होगा। साथ ही रणवीर सिंह की भी एंट्री की खबरें हैं। 'गोलमाल 5' के पहले शेड्यूल की शूटिंग पूरी हो चुकी है। इसे ऊटी में शूट किया गया था। अब अगला बड़ा शेड्यूल जुलाई में शुरू होगा। इसे मुंबई में शूट किया जाएगा, जिसकी तैयारियां जोरों-शोरों से चल रही हैं। इस बार फिल्म की कहानी बेशक हॉरर कॉमेडी और सुपरनैचुरल बताई जा रही है, पर गोवा भी इसका अहम हिस्सा बनेगा। 'गोलमाल 5' में अजय देवगन, अरशद वारसी, श्रेयस तलपड़े, कुणाल खेमू और तुषार कपूर तो हैं ही, पर इस बार अक्षय कुमार की भी एंट्री हुई है। बताया जा रहा है कि फिल्म में उनका किरदार 'हाउसफुल 4' के बाला से इंस्पायर्ड हो सकता है। उनकी एंट्री 'गोलमाल 5' में या तो मेन विलेन या फिर नेगेटिव रोल में होगी। उन्हें 'गोलमाल 5' में तमिलनाडु के एक बादशाह के रूप में दिखाया जाएगा। वहीं, 'गोलमाल 5' के किरदारों को लेकर भी जानकारी मिली है। 'गोलमाल' फ्रेंचाइज की पहले पार्ट में शरमन जोशी, अजय देवगन की टीम का हिस्सा थे, पर बाद में वह इस फ्रेंचाइज से अलग हो गए थे।

## बिहाइंड हर आइज का अंत देखकर पैरों तले खिसक जाएगी जमीन


# वो साइकोलॉजिकल हॉरर, जिनमें डराता है इंसानी दिमाग का पागलपन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अगर आपको साइकोलॉजिकल हॉरर थ्रिलर्स पसंद हैं, तो आपको इन फिल्मों और सीरीज की लिस्ट देखनी चाहिए। लिस्ट में टॉक टू मी, द बाबाडूक और सेंट मॉड जैसी फिल्में शामिल हैं, जो मानसिक बीमारी, दुख और धार्मिक उन्माद को डरावने रूप में दिखाती हैं। इसके अलावा, वेब सीरीज'बिहाइंड हर आइज अपने अनोखे ट्विस्ट और क्लासिक फिल्म मिजरी एक जुनूनी फैन के खौफनाक पागलपन को बखूबी बयां करती है।

**शैतान (2024):** इस लिस्ट में बॉलीवुड की फिल्म 'शैतान' भी अपनी जगह बनाती है, जो माता-पिता के सबसे बड़े डर को पर्दे पर लाती है। एक हंसता-खेलता परिवार वीकेंड मनाने बाहर जाता है, लेकिन उनकी जिंदगी तब नरक बन जाती है, जब एक अजनबी उनकी जवान बेटी को अपने वश में कर लेता है। वह लड़की उस आदमी के सम्मोहन में आकर अपने ही माता-पिता पर क्रूर अत्याचार करने लगती है, जिसे देख किसी की भी रूह कांप जाए।

**द बाबाडूक (2014):** यह फिल्म सिर्फ एक मॉन्स्टर की कहानी नहीं है, बल्कि इंसानी दिमाग के गहरे खालीपन को दिखाती है। कहानी एक अकेली मां और उसके बेटे की है, जो बच्चों की एक किताब से निकले अजीब और डरावने राक्षस 'बाबाडूक' के साए से परेशान हैं। यह कमाल की ऑस्ट्रेलियाई फिल्म असल में किसी भूत-प्रेत से ज्यादा, एक मां के पुराने दुख, तन्हाई और डिप्रेशन के खौफनाक रूप को पर्दे पर बेहद संजीदगी और डर के साथ पेश करती है।



**सेंट मॉड (2020):** अगर आप धीरे-धीरे बढ़ने वाले सस्पेंस के दीवाने हैं, तो आपको 'सेंट मॉड' बिल्कुल मिस नहीं करनी चाहिए। इसमें एक अकेली और बेहद धार्मिक हॉस्पिस नर्स की कहानी है, जो अपनी एक नास्तिक मरीज की आत्मा को बचाने के जुनून में इस कदर अंधी हो जाती है कि सही और गलत का फर्क भूल बैठती है। यह फिल्म मानसिक बीमारी, तन्हाई और धार्मिक उन्माद के खतरनाक तालमेल को बहुत ही खौफनाक अंदाज में दिखाती है।

**भूतकालम (2022):** मलयालम सिनेमा की बेहतरीन साइकोलॉजिकल फिल्म आपको सोचने पर मजबूर कर देगी। घर में एक मौत के बाद एक मां और उसका बेटा डिप्रेशन से जूझते हुए अपने किराए के मकान में कुछ बेहद डरावनी और अजीब घटनाओं का सामना करते हैं। फिल्म की सबसे बड़ी खूबसूरती यही है कि यह अंत तक दर्शकों को उलझाए रखती है कि जो कुछ हो रहा है, वह वाकई कोई भूत है या फिर उनके दिमाग का वहम।

**तुम्बाड (2018):** भारतीय सिनेमा की सबसे बेहतरीन हॉरर फिल्मों में गिनी जाने वाली 'तुम्बाड' इंसानी लालच की एक अनोखी और डरावनी लोककथा है। कहानी एक ऐसे आदमी की है, जिसकी सोने के खजाने को पाने की भूख उसे एक श्रापित देवता की अंधेरी कोख तक ले जाती है। यह फिल्म सिर्फ डराती नहीं है, बल्कि यह दिखाती है कि कैसे इंसान का अपना ही लालच उसके लिए सबसे बड़ा और सबसे भयानक राक्षस बन जाता है।

**बिहाइंड हर आइज (2021):** अगर आपको मिनीसीरीज देखना पसंद है, तो 'बिहाइंड हर आइज' एक परफेक्ट साइकोलॉजिकल थ्रिलर है। कहानी एक सिंगल मदर के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने बॉस के साथ अफेयर में पड़ जाती है और साथ ही उसकी रहस्यमयी पत्नी से भी दोस्ती कर लेती है। तीन लोगों का यह अजीब लव ट्रायंगल धीरे-धीरे ऐसे डार्क सीक्रेट्स खोलता है, जिसका अंत देखकर आपके पैरों तले जमीन खिसक जाएगी।

**मिजरी (1990):** मशहूर लेखक स्टीफन किंग के नॉवेल पर बनी क्लासिक फिल्म एक जुनूनी फैन के डरावने रूप को दिखाती है। एक जाने-माने लेखक की कार का एक्सीडेंट हो जाता है, जिसके बाद उसकी जान उसकी 'नंबर वन फैन' बचाती है। लेकिन, यह सेवा जल्द ही एक भयानक कैद में बदल जाती है, जब उस फैन का पागलपन सामने आता है। यह फिल्म आपको शुरू से अंत तक सीट से बांधकर रखेगी।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर विभिन्न संस्थाओं ने चलाया पौधरोपण और स्वच्छता अभियान

# युवाओं ने धरती का कर्ज चुकाने का लिया संकल्प

■ पांच दिनों तक नुक्कड़ नाटक व अन्य माध्यमों से करेंगे स्वच्छता के प्रति जागरूक : सागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

विश्व पर्यावरण दिवस पर दी हरियाणा राज्य भारत स्काउट्स एंड गाइड्स चंद्रशेखर आजाद ओपन ग्रुप ने पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता का अनूठा संदेश दिया। शुक्रवार को जिला मुख्यालय एवं प्रशिक्षण केंद्र में उपायुक्त साहिल गुप्ता एवं जिला शिक्षा अधिकारी निर्मल दहिया के दिशा निर्देशानुसार कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रुप लीडर सागर सज्जन सिंह एवं ग्रुप कोऑर्डिनेटर राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री अवार्डी लक्ष्मण गौड़ ने की। पर्यावरण को स्वच्छ बनाने का जज्बा सुबह छह बजे से ही देखने को मिला। हेड कांस्टेबल लोकराम नेहरा के सहयोग से शहीद भगतसिंह चौक से लेकर सिटी रेलवे स्टेशन तक पौधरोपण एवं स्वच्छ भारत अभियान चलाया।

कार्यक्रम में सीनियर रोवर नितेश कुमार, परेड मास्टर हिमांशु भाटी, बैंड मास्टर विजय अहीरवाल व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया इंचार्ज पुनीत, स्काऊट्स राहुल, माहिर, हर्षित, मयूर, विनय, जोगिंद्र, हर्ष व मयंक आदि ने अनुशासित व सराहनीय भूमिका निभाई।



भिवानी। स्काऊट्स जिला मुख्यालय एवं प्रशिक्षण केंद्र में पौधरोपण करते अतिथि।

## पर्यावरण संरक्षण को बनाना होगा दैनिक जीवनशैली का हिस्सा : डॉ. राज पाल

**चरखी दादरी।** विश्व पर्यावरण दिवस पर महिला महाविद्यालय झोझू कलां एवं विमेन कॉलेज ऑफ एजुकेशन में प्राचार्य डॉ. राजपाल के नेतृत्व में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पौधरोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा पर्यावरण को स्वच्छ एवं संतुलित बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिसर में वला, गुड़हल, चीकू, बॉटल पाम सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। उपस्थित सभी सदस्यों ने पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लेते हुए उनके नियमित रखरखाव की जिम्मेदारी भी स्वीकार की। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुरेन्द्र पाल सांगवान ने कहा कि वृक्ष प्रकृति का अमूल्य उपहार हैं। पर्यावरण संतुलन बनाए रखने तथा आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण प्रदान करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने चाहिए तथा उनकी देखभाल भी करनी चाहिए। प्राचार्य डॉ. राज पाल ने अपने संबोधन में कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिवस तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि यह हमारी दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनना चाहिए।



## हरियाणा एनसीसी बटालियन ने पंडित नेकीराम पार्क में किया पौधरोपण, संरक्षण की शपथ ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



विश्व पर्यावरण दिवस पर 11 हरियाणा एनसीसी बटालियन ने पंडित नेकीराम पार्क में पौधरोपण एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति समाज में जागरूकता उत्पन्न करना तथा युवाओं को प्रकृति के संरक्षण के लिए प्रेरित करना था। एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल रितेश रंजन और एडम ऑफिसर कर्नल एंटोनी हेनरी सेल्वम के नेतृत्व में सूबेदार मेजर डी गोपाला कृष्णम, फर्स्ट ऑफिसर राजेश कुमार, लेफ्टिनेंट सन्नी पानू, पीआई स्टाफ व एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातःकाल नेकीराम पार्क परिसर में किया। सर्वप्रथम उपस्थित एनसीसी ऑफिसर, कैडेट्स एवं गणमान्य व्यक्तियों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। कार्यक्रम में कर्नल एंटनी हैनरी सेल्वम, सूबेदार मेजर डी गोपाला कृष्णम, लेफ्टिनेंट सन्नी पानू, फर्स्ट ऑफिसर राजेश कुमार,सूबेदार रामजी लाल, सूबेदार पीतम सिंह, नायब सूबेदार लोकेश कुमार, नायब सूबेदार विनोद कुमार, सीएचएम रवीन्द्र सिंह, सीएचएम संजय सिंह, हवलदार मंदीप सिंह, हवलदार गौरव,हवलदार हरिओम सिंह,हवलदार अरुण भारद्वाज, हवलदार मनोज कुमार,पीआई स्टाफ ने भी पर्यावरण संरक्षण संबंधी अपने विचार सांझा किए। कैडेट्स ने एक पेड़ मां के नाम, हरित भारत, स्वच्छ भारत, पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ तथा पर्यावरण बचाओ, भविष्य संवारो जैसे संदेशों के माध्यम से जन-जागरूकता अभियान चलाया। इसके पश्चात विभिन्न प्रकार के छायादार, फलदार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया।

## पर्यावरण संरक्षण से ही सुरक्षित होगा सबका भविष्य : डॉ.उमेद

**भिवानी।** शुक्रवार को आदर्श गांव सुई में विश्व पर्यावरण दिवस पर विशेष कार्यक्रम हुआ। आचार्य उमेद कौशिक विद्यानंद गुरुकुल फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में संस्था के अध्यक्ष डॉ. उमेद शर्मा ने शिरकत की। उन्होंने पर्यावरण और जल संरक्षण के महत्व पर जोर देते हुए समाज को प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का अहसास करवाया। उन्होंने कहा कि अगर हमारी प्रकृति स्वस्थ होगी, तभी हमारा विश्व और हमारा व्यक्तिगत जीवन भी स्वस्थ रह पाएगा।

उन्होंने कहा कि पृथ्वी के हरे-भरे रहने से ही मानव जीवन में खुशहाली, समृद्धि और दीर्घायु की प्राप्ति संभव है। उन्होंने चेतावनी दी कि हम आज प्रकृति का इसी तरह अंधाधुंध दोहन करते रहे तो आने वाले समय में मानव प्रजाति विलुप्त होने की कगार पर पहुंच जाएगी। हम सबका परम कर्तव्य है कि हम मिलजुल कर अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाएं, उनका संरक्षण करें और आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित भविष्य दें।

## नेशनल कॉलेज में पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू।

नेशनल कॉलेज ऑफ एजुकेशन परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर पौधरोपण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कॉलेज प्राचार्य डॉ पष्मिता चौधरी ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर कॉलेज परिसर में फूल, फलदार और छायादार करीब एक दर्जन से अधिक पौधे लगाए गए। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को प्रतिदिन पर्यावरण दिवस मनाना चाहिए। प्रकृति को हरा भरा बनाकर हम प्राणी मात्र के जीवन को आयाम दे सकते है। देश के प्रत्येक नागरिक को पर्यावरण के प्रति सजग होने की जरूरत है। इस मौके पर नीतू चौधरी, डॉ चंचल कुमार, डॉ दिनेश, पीरूराम, निशा, रोशन मिश्रा, सुनील, राजेश व राजकुमार सहित स्टाफ सदस्य मौजूद थे।



## पर्यावरण संरक्षण और जल संरक्षण के प्रति ग्राम पंचायत प्रतिनिधि लोगों को जागरूक करें: धर्माणी

■ पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचित प्रतिनिधियों के लिए आयोजित हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के अवसर पर चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय भिवानी के पुराने परिसर में शुक्रवार को जिले की पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचित सदस्यों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का आयोजन समाजशास्त्र एवं समाज कार्य विभाग तथा प्राणीशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया। कार्यक्रम की थीम प्रकृति से प्रेरित, जलवायु के लिए हमारे भविष्य के लिए रही। कार्यक्रम विश्वविद्यालय की कुलगुरु प्रो. दीप्ति धर्माणी और कुलसचिव प्रो. भावना शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। मंच संचालन समाजशास्त्र एवं समाज कार्य विभागाध्यक्ष डा. मनोज कुमार तेवतिया ने किया और जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न चुनौतियों मैं ग्रामीण संस्थाओं की अहम भूमिका पर जोर दिया। विश्वविद्यालय की कुलगुरु प्रो. दीप्ति धर्माणी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिवस तक सीमित विषय नहीं, बल्कि हमारी जीवनशैली का हिस्सा होना चाहि।



## धरती को हरा-भरा और प्लास्टिक प्रदूषण से मुक्ति बनाए प्राथमिकता

**भिवानी।** पर्यावरण संरक्षण के वैश्विक संकल्प को धरातल पर उतारते हुए जेसीआई भिवानी स्टार ने शुक्रवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन अधिवक्ता शंकरलाल धूपड़ ने बतौर मुख्यतिथि शिरकत की। बोर्ड के चेयरमैन अधिवक्ता शंकर लाल धूपड़ ने कहा कि आज के समय में जब ग्लोबल वॉर्मिंग और प्रदूषण का संकट गहरा रहा है, ऐसे में धरती को हरा-भरा बनाना और प्लास्टिक प्रदूषण से मुक्ति पाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। संस्था द्वारा चलाया जा रहा स्विच टू स्टील अभियान न केवल लोगों के स्वास्थ्य की रक्षा करेगा, बल्कि हमारे पर्यावरण और प्लेनेट को भी सुरक्षित रखेगा। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ऐसी हर सामाजिक व पर्यावरणीय चेतना का स्वागत और समर्थन करता है। जेसीआई के प्रधान संदीप अग्रवाल ने कहा कि इस वर्ष पर्यावरण दिवस पर हमने दोहरे संकल्प के साथ काम शुरू किया है।

## बीके भाई-बहनों ने विश्व पर्यावरण दिवस पर 101 पौधे लगाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय रुद्रा कॉलोनी द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। इस दौरान संस्था के 90 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक विचार एक सोच मंच की संस्थापक डॉ. कल्पना शास्त्री ने शाखा को 51 पौधे भेंटकर शुभकामनाएं दी। डॉ. कल्पना ने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्था समाज, प्रकृति, पर्यावरण तथा रक्तदान जैसे अनेक सामाजिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों का नियमित रूप से आयोजन करती रहती है। शाखा संचालिका बीके रजनी दीदी ने कहा कि आज प्रकृति के अत्यधिक दोहन के कारण मानव समाज अनेक प्रकार की बीमारियों का सामना कर रहा है। पेड़-पौधे जहां हमें शुद्ध ऑक्सीजन प्रदान करते हैं तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, वहीं जंगलों की निरंतर कटाई से पर्यावरण प्रदूषण बढ़ रहा है।



## विश्व पर्यावरण दिवस पर डीएलएसए ने चलाया पौधरोपण महाअभियान

**भिवानी।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीआर. चालिया ने न्यायालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वहीं दूसरी ओर भीम खेल परिसर कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव पवन कुमार ने की। इस दौरान सीजेएम ने विशेष पौधारोपण महाअभियान का शुभारम्भ कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अभियान के दौरान सीजेएम पवन कुमार ने भीम स्टेडियम में उपस्थित लोगों को पौधे भी वितरित किए गए और अधिक से अधिक वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित किया। जिला प्राधिकरण के चेयरमैन डीआर चालिया एवं सीजेएम पवन कुमार ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य समाज को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना और लोगों को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सामाजिक जिम्मेदारी ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एवं नैतिक कर्तव्य भी है। प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखना और उसके अंधाधुंध दोहन से बचना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

## जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने विश्व पर्यावरण दिवस पर कोर्ट परिसर में किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश डा गगनदीप कौर सिंह ने अपील करते हुए कहा कि प्रकृति संरक्षण और स्वच्छ पर्यावरण की दिशा में योगदान देने के लिए एक पेड़ अवश्य लगाएं और स्वच्छ वातावरण के लिए प्लास्टिक का उपयोग बंद करने का संकल्प लें। जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने विश्व पर्यावरण दिवस पर कोर्ट परिसर पौधारोपण के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य वायु, जल, व मिट्टी हर प्रकार के प्रदूषण की समस्या के प्रति लोगों को जागरूक करना है। आज प्लास्टिक से पर्यावरण को बहुत नुकसान हो रहा है और हमें इसके प्रति सचेत होने की आवश्यकता है, क्योंकि आने वाली पीढ़ियों को भी इससे नुकसान होगा। पर्यावरण को स्वच्छ रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। जब हम विकसित राष्ट्र की दिशा में बढ़ रहे हैं तो इस यात्रा में सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है कि हमारा पर्यावरण स्वच्छ हो।



## पेड़-पौधों के बिना हमारा जीवन भी अधूरा: डॉ. पवन बुवानीवाला

**भिवानी।** पेड़ों से ही हम सबको जीवन मिला है। बिना पेड़ पौधों के हमारा जीवन भी अधूरा है।पृथ्वी को हरा भरा करना है तो हमें ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे लगाने चाहिए यह बात विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में वैश्य महाविद्यालय भिवानी के प्रांगण में पौधारोपण करते हुएं वैश्य महाविद्यालय प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष डॉ पवन बुवानी वाला ने कही। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए क्योंकि पौधारोपण पृथ्वी को बचाने का बेहतर माध्यम है। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में वैश्य महाविद्यालय भिवानी के प्रांगण में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय गोयल के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वैश्य महाविद्यालय प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष डॉ पवन बुवानी वाला एवं प्राचार्य डॉ संजय गोयल ने शिरकत की। प्राचार्य डॉ संजय गोयल ने कहा कि पर्यावरण दिवस को मनाये जाने का उद्देश्य लोगों के भीतर पर्यावरण के प्रति जागरुकता फैलाना है।



## स्वयंसेवकों ने विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाकर उनके संरक्षण की जिम्मेदारी ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

शुक्रवार को स्थानीय वीर शहीद ईश्वर सिंह राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया।

इस दौरान विद्यालय प्राचार्य सुदेश कुमार यादव की अध्यक्षता में सभी गतिविधियों को विद्यालय की एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी ज्योति रानी के निर्देशन में पूरा किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन में पर्यावरण संरक्षण तथा वृक्षों के महत्व के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। इस उद्देश्य को लेकर मौजूद सभी स्वयंसेवियो ने एक-एक पौधा लगाया। स्वयंसेवकों ने विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया। पौधारोपण के साथ-साथ स्वयंसेवकों द्वारा प्रत्येक पौधे की पहचान एवं उसके महत्व को दर्शाने के लिए विशेष सूचना पट्ट (लेबलिंग बोर्ड) भी तैयार किए गए।



## एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण कर धरती को हरी-भरी बनाने का लिया संकल्प

**भिवानी।** बढ़ते प्रदूषण एवं भीषण गर्मी के बीच पर्यावरण संरक्षण के प्रति ग्रामीण अंचल में बेहद सकारात्मक और प्रेरणादायी पहल देखने को मिली है। विश्व पर्यावरण दिवस पर शुक्रवार को गांव झरवाई में सरपंच कमला देवी के नेतृत्व में पौधरोपण अभियान चलाया। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि राजेश कुमार भी अभियान में कंधे से कंधा मिलाकर साथ दे रहे है। ग्रामीणों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत गांव में पौधे रोपे। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सदस्यों के अलावा भारी संख्या में ग्रामीण महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने बढ़-चढक़र भाग लिया और पूरी मुस्तैदी से इन पौधों की देखभाल करने का जिम्मा उठाया। इस दौरान उपस्थित सभी ग्रामीणों को न केवल अधिक से अधिक पौधें लगाने बल्कि सिंगल-यूज प्लास्टिक का पूरी तरह से बहिष्कार करने और पानी की एक-एक बूंद बचाने का सामूहिक संकल्प दिलाया। झरवाई की सरपंच कमला देवी ने कहा कि हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए।



### विद्यार्थियों ने पोस्टर, स्लोगन व भाषण के माध्यम से ग्लोबल वार्मिंग के खतरों पर डाला प्रकाश

# विद्यार्थियों ने पौधा लगाने एवं उसकी देखभाल का लिया संकल्प



भिवानी। शिक्षकों के साथ पर्यावरण संरक्षण को लेकर तैयार किए पोस्टर दिखाते विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

पालुवास के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को विश्व पर्यावरण दिवस बेहद उत्साह और गरिमा के साथ मनाया। इस वर्ष पर्यावरण दिवस का मुख्य विषय 'क्लाइमेट एक्शन' रहा। इस अवसर पर स्कूल के विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्टाफ ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित अंग्रेजी प्रवक्ता दीपमाला ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा जलवायु परिवर्तन आज के समय की सबसे बड़ी चुनौती है, हमें प्लास्टिक का उपयोग बंद कर अधिक से अधिक पौधें लगाने चाहिए और ऊर्जा की बचत करनी चाहिए।

अंग्रेजी प्रवक्ता दीपमाला ने बच्चों को रोजमर्रा की जिंदगी में पर्यावरण-अनुकूल आदतें अपनाने को प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को पर्यावरण की शपथ दिलाई और कहा कि केवल एक दिन नहीं, बल्कि साल के 365 दिन हमें धरती को हरा-भरा रखने का प्रयास करना चाहिए। स्कूल इंचार्ज राजेंद्र श्योराण ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इसके बाद स्कूल इंचार्ज व स्टाफ सदस्यों ने स्कूल परिसर में पौधरोपण भी किया। कार्यक्रम में स्कूल के बाकी बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यार्थियों ने पर्यावरण सुरक्षा पर आधारित पोस्टर, स्लोगन व भाषण के माध्यम से ग्लोबल वार्मिंग और प्रदूषण के खतरों के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक सरोज कुमारी, अरुणा कुमारी व जयभगवान शास्त्री ने भी कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया।

## रेडक्रॉस भवन में युवाओं को पॉलिथीन मुक्त व हरित हरियाणा की दिलाई शपथ

**भिवानी।** शुक्रवार को रेडक्रॉस भवन में विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रकृति को बचाने और पर्यावरण को स्वच्छ रखने के उद्देश्य से पर्यावरण संरक्षण संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष एवं उपायुक्त साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन तथा सचिव प्रदीप कुमार के नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम में युवाओं और स्वयंसेवकों ने पर्यावरण प्रहरी बनने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान जिला प्रशिक्षण अधिकारी विकास कुमार ने उपस्थित युवाओं, कर्मचारियों और प्रबुद्ध नागरिकों को पर्यावरण को सुरक्षित रखने की सामूहिक शपथ दिलाई। उन्होंने युवाओं को संकल्प दिलाया कि वे दैनिक जीवन में पॉलिथीन और सिंगल-यूज प्लास्टिक का उपयोग कम से कम करेंगे तथा दूसरों को भी पर्यावरण संरक्षण की दिशा में मजबूती से कार्य करने के लिए जागरूक करेंगे। सोसाइटी के सचिव प्रदीप कुमार ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत बताते हुए कहा कि संकल्प कार्यक्रम केवल एक दिन की औपचारिकता नहीं, बल्कि हमारे आने वाले कल को सुरक्षित करने की मुहिम है। प्रदूषण व बढ़ता तापमान ग्लोबल वार्मिंग के साफ संकेत हैं, जिनसे निपटने का एकमात्र रास्ता पौधरोपण और प्लास्टिक का बहिष्कार है। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक व पॉलिथीन हमारी धरती और बेजुबान पशुओं के लिए एक धीमा जहर बन चुके हैं।





## बदलाव की पाठशाला के माध्यम से विद्यार्थी दे रहे पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

विश्व पर्यावरण दिवस पर वीर शहीद कैप्टन ओपी दलाल राजकीय उच्च विद्यालय घुसकानी में विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति पूरे वर्ष जागरूक किया जाता है। शारीरिक शिक्षक एवं बदलाव की पाठशाला के सदस्य विनोद पिंकू ने विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का बोध करवाया तथा प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। पिंकू ने कहा कि विद्यार्थी देश का भविष्य हैं और वे पर्यावरण संरक्षण को अपनी आदत का हिस्सा बना लें, तो अपने परिवार, विद्यालय और समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को पौधरोपण, जल संरक्षण, स्वच्छता तथा प्लास्टिक मुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। पिंकू ने बताया कि बदलाव की पाठशाला के माध्यम से समय-समय पर पौधरोपण अभियान, स्वच्छता कार्यक्रम, पर्यावरण जागरूकता गतिविधियां तथा पक्षियों एवं जीव-जंतुओं के संरक्षण से जुड़े प्रयास किए जाते हैं। इन गतिविधियों से बच्चों में प्रकृति के प्रति प्रेम, जिम्मेदारी और सामाजिक चेतना विकसित हो रही है। खेल विभाग द्वारा संचालित शॉट बॉल खेल नर्सरी की छात्राओं ने विद्यालय परिसर एवं खेल मैदान में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया। छात्राओं ने खेल मैदान की साफ-सफाई की तथा विद्यालय परिसर में लगे पेड़-पौधों की गुड़ाई एवं देखभाल का कार्य किया। इस दौरान छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और हरियाली बढ़ाने का संदेश भी दिया। पिंकू ने कहा कि वे पूरे वर्ष विद्यार्थियों के साथ मिलकर पर्यावरण संरक्षण, पौधारोपण, जल बचाओ और स्वच्छता अभियानों में सक्रिय रूप से कार्य करते हैं। विद्यालय परिसर तथा आसपास के क्षेत्रों में हरियाली बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाते हैं।



## चेयरमैन के चाचा के निधन पर जताया शोक

**बवानीखेड़ा।** नगर पालिका अध्यक्ष सुंदर अत्री के चाचा स्वर्गीय देशराज शर्मा के निधन पर विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक एवं धार्मिक संगठनों से जुड़े गणमान्य व्यक्तियों ने पहुंचकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में हल्का विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि, हरियाणा शिक्षा बोर्ड चेयरमैन शंकर धुप्पड , भाजपा नेता मुकेश गोड, युवा नेता रविन्द्र बापोड़ा,कमल प्रधान,मार्केट कमेटी चेयरमैन राजेंद्र हंस,नगर पालिका सचिव संदीप गर्ग, एम ई पंकज गर्ग, महेंद्र ओढ़,प्रिंसिपल आनंद शर्मा,विजेंदर जांगड़ा,सुरेश जांगडा,बिंदर बुरा प्रेम नगर,राजेश सरपंच , अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

**NOTICE**

I hitherto known as NEERAJ KUMAR S/O UDAY BHAN JANGRA residing at 647, MAJRA-DEVSAR, HALUWAS (102), BHIWANI, HARYANA-127021 have changed my name and I shall hereafter be known as NEERAJ RAJOTIYA. It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

## खबर संक्षेप

### बूथ नंबर 137 के लिए नया बीएलओ नियुक्त

**भिवानी।** डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी साहिल गुप्ता के बूथ नंबर 137 के मतदाताओं की मैपिंग संबंधी समस्या का मामला संज्ञान में आने पर उन्होंने यहां के लिए नए बीएलओ की नियुक्त के आदेश जारी कर मैपिंग के निर्देश दिए हैं। वहीं दूसरी ओर जिला निर्वाचन अधिकारी ने इस बूथ पर तुरंत संज्ञान लेकर निर्वाचन विभाग को जांच के निर्देश दिए गए। जांच में पाया गया कि बूथ नंबर 137 पर नियुक्त बीएलओ स्वास्थ्य संबंधी समस्या के कारण मतदाताओं की मैपिंग का कार्य पूर्ण रूप से नहीं कर सकीं। मेडिकल कारणों के चलते उनके कार्य निष्पादन में बाधा आई, जिसके कारण कुछ कार्य शेष रह गया था।

### आंगनबाड़ी वर्कर्स 11 को करेंगी रोष प्रदर्शन

**भिवानी।** आंगनबाड़ी वर्कर्स एंड हेल्पर्स यूनियन संबंधित सीटू के निर्णय अनुसार 11 जून को महिला एवं बाल विकास परियोजना मंत्री श्रुति चौधरी के भिवानी आवास व डायरेक्टर बाल विकास ऑफिस पंचकूला में प्रदर्शन करेंगे। प्रेस बयान जारी करते हुए आंगनबाडी वर्कर्स एंड हैल्पर्स यूनियन की जिला सचिव राजबाला शर्मा एवं जिला प्रधान राजबाला निनान ने सयुक्त रूप से बताया कि आंगनवाड़ी वर्कर और हेल्पर की लंबे समय से कई समस्याएं चल रही है जिसका विभाग कोई समाधान नहीं कर रहा है।

भिवानी, हिसार, रोहतक ,झज्जर, रेवाड़ी, दादरी व महेंद्रगढ़ जिले की आंगनबाड़ी कर्मी बड़ी सख्या में भाग लेंगी।

### मतदाता सूची के पुनरीक्षण के लिए प्रशिक्षण के निर्देश

**भिवानी।** डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी साहिल गुप्ता ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र भिवानी में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए सभी बीएलओ तथा सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 8 से 10 जून तक पंचायत भवन, भिवानी में चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सभी बीएलओ और सुपरवाइजरों को मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण, मतदाताओं के सत्यापन, घर-घर सर्वेक्षण करेंगे।

## आंदोलन का ऐलान, आरएसएस व सरकार पर लगाया साजिश का आरोप

# जनगणना में ओबीसी की अनदेखी पर पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने दिया धरना

फॉर्म में तीन ही विकल्प दिए गए हैं, जिसमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व अन्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

जनगणना के पहले चरण की शुरुआत के साथ ही बड़ा राजनीतिक और सामाजिक बवंडर खड़ा हो गया है। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा संबद्ध भारत मुक्ति मोर्चा ने जनगणना की प्रक्रिया में अन्य पिछड़ा वर्ग की अनदेखी को लेकर सरकार के खिलाफ सीधे तौर पर मोर्चा खोल दिया है। संगठन ने पूरी प्रक्रिया को ओबीसी समाज के साथ बड़ा धोखा और सोची-समझी साजिश करार दिया है। मोर्चे ने साफ शब्दों में चेतावनी दी कि उनकी मांगें तुरंत पूरी नहीं की तो देशव्यापी चक्का जाम और उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी पूरी तरह प्रशासन की होगी। इसी कड़ी में शुक्रवार को मोर्चा पदाधिकारियों ने लघु सचिवालय के समक्ष धरना दिया व नारेबाजी की, जिसके उपरांत राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। मोर्चा के जिला संयोजक दीपक जांगड़ा ने कहा कि जनगणना के पहले चरण यानी मकान सूचीकरण के दौरान परिवारों से उनकी श्रेणी पूछी जा रही है, लेकिन फॉर्म में केवल तीन ही विकल्प दिए गए हैं, जिसमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व अन्य। उन्होंने कहा कि सूची में ओबीसी का कोई अलग विकल्प न देना इस बात का पुख्ता सबूत है कि राष्ट्रीय जनगणना में ओबीसी की जातिगत गणना करने की सरकार की कोई नीयत नहीं है। ज्ञापन में सीधे तौर पर आरोप लगाया कि ओबीसी के साथ धोखा है और आरएसएस द्वारा प्लानिंग बनाकर धोखाधड़ी की जा रही है।


भिवानी। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के धरने के दौरान विरोध जताते सदस्य।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जनसंघर्ष समिति के संयोजक कामरेड ओमप्रकाश, कृष्ण ग्रेवाल, जयवीर सांगा, साहिल सांगा, हवासिंह सांगा, पवन कुमार, देशराज, सुनीता, अनिल कुमार, स्नेहलता, बिजेंद्र, अनिता रानी, मीनाक्षी, महावीर, सतबीर दहिया, रमेश दहिया, विजय कुमार, पिन्नू, रामपाल मेहरा, राजीव सैनी, एकलव्य, राजमल बहमनी, महेंद्र बिधनोई, मास्टर हरीश गोच्छी, कैलाश, रामनिवास पटेल, प्रवेश पटेल व मनोज उमरावत आदि मौजूद रहे।

उन्होंने एचएलओ नाम के मोबाइल एप्लीकेशन पर भी तीखे सवाल खड़े करते हैं। पहले चरण की हाऊस लिस्टिंग पूरी तरह से डिजिटल माध्यम से ऐप द्वारा की जा रही है।


भिवानी। हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन की बैठक के दौरान विरोध जताते कर्मचारी। फोटो : हरियाणा

## कर्मियों ने सरकार पर लगाया वादा खिलाफी का आरोप, मांगों के लागू नहीं होने से रोष

**भिवानी।** हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ की ब्रांच बीएंडआर की बैठक शुक्रवार कार्यालय में हुई। बैठक में राज्य कमेटी के आह्वान पर आगामी आंदोलन की रूपरेखा तैयार की। सरकार के रवैये से नाराज कर्मचारियों में भारी रोष है कि मंत्रियों के साथ बैठक में बनी सहमतियों को आज तक धरातल पर लागू नहीं किया है। इसी रोष के चलते कर्मचारियों ने सर्वसम्मति से संघर्ष के मैदान में कूदने का ऐलान किया। बैठक की अध्यक्षता ब्रांच प्रधान दशरथ रंगा मानहेरू ने की, जबकि मंच संचालन ब्रांच वरिष्ठ उपप्रधान सतबीर दिनोद ने किया। बैठक में मुख्य वक्ता के तौर पर पहुंचे राज्य सहसचिव संदीप सोरखी, जिला उपप्रधान रामशरण खुंडियां, जिला सचिव सोमबीर पालुवास, जिला सहसचिव सुरेंद्र प्रजापति ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले दिनों में चंडीगढ़ कार्यालय में लोकनिर्माण विभाग मंत्री रणबीर गंगवा के साथ हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन की राज्य कमेटी की उच्च स्तरीय बैठक हुई थी। बैठक में कर्मचारियों की कई जायज मांगों और गंभीर मुद्दों पर आपसी सहमति बनी थी। सरकार और प्रशासन के इस ढुलमुल रवैये के कारण कर्मचारियों में भारी निराशा व आक्रोश है, जिसके चलते 16 जून को जिले के पीडब्ल्यूडी बीएण्डआर भिवानी के डीडीओ/कार्यकारी अभियंता के माध्यम से ईआईसी के नाम प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपे जाएंगे।

## समर कैंप में कला-संस्कृति पर केंद्रित रहीं गतिविधियां


भिवानी। समर कैंप में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

- विद्यार्थियों को दी बोलियां एवं भाषाओं की विविधता की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

शिक्षा विभाग हरियाणा के निर्देशानुसार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तिगड़ाना में प्रधानाचार्य वंदना महता के मार्गदर्शन में भारतीय भाषा समर कैंप का आयोजन कला एवं संस्कृति विषय को समर्पित रहा। इस दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक और रचनात्मक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मोनिका कौशिक एवं प्राचार्य वंदना महता ने बताया कि भारतीय भाषा समर कैंप का उद्देश्य विद्यार्थियों में भाषाई दक्षता, रचनात्मक सोच तथा भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना है।

हिन्दी अध्यापिका अनीता देवी, बैंकिंग एंड फाइनेंस विभाग की अध्यापिका मीनाक्षी वधवा ने कहा कि ऐसी गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कैंप के दौरान गीत एवं कविता पाठ, चित्रकला प्रतियोगिता, कहानी वाचन व लोक नृत्य जैसी गतिविधियों का आयोजन किया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत लोकगीतों, कविताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का मनमोह लिया।

### लोकगीत, कविता व नृत्य प्रस्तुतियों ने बांधा समां

चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने भारतीय संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक विषयों पर आकर्षक चित्र बनाकर अपनी कल्पनाशीलता का परिचय दिया। वहीं कहानी वाचन गतिविधि के माध्यम से बच्चों ने नैतिक मूल्यों और प्रेरणादायक प्रसंगों को साझा किया। लोकनृत्य में हरियाणवी संस्कृति की सुंदर झलक देखने को मिली। कार्यक्रम में बैंकिंग एंड फाइनेंस विभाग की अध्यापिका मीनाक्षी वधवा, सुशीला, अनीता, वीणा मदान, अजीतसिंह, बलदेव प्रकाश, साक्षी सहित विद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।


भिवानी। सदाशिवराव गोलवलकर की पुण्यतिथि पर पौधरोपण करते भाजपाई।

## गोलवलकर की पुण्यतिथि पर भाजपाइयों ने किया पौधरोपण

**भिवानी।** भाजपाइयों ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर 'गुरुजी' की पुण्यतिथि एवं विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण किया। भाजपा के पूर्व प्रदेश सहमीडिया प्रमुख रीतिक वधवा ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक एवं महान विचारक माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर 'गुरुजी' को उनकी पुण्यतिथि पर कोटि-कोटि नमन किया। संघ के द्वितीय सरसंघचालक माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर 'गुरुजी' की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी। वधवा ने कहा कि राष्ट्रभक्ति, संगठन निर्माण, सांस्कृतिक चेतना एवं समाजसेवा के प्रति उनका समर्पित जीवन हम सबके लिए प्रेरणास्रोत है। राष्ट्र के प्रति उनकी अमूल्य सेवाएं एवं विचार सदैव स्मरणीय रहेंगे तथा आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करते रहेंगे।

## किरण चौधरी के जन्मदिन पर 125 लोगों ने कराया स्वास्थ्य जांच

- भविष्य में भी पार्कों में शिविर लगाने का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

पूर्व राज्यसभा सांसद किरण चौधरी के जन्म दिन पर पूर्व मंत्री स्व.सुरेंद्र सिंह मेमोरियल पार्क के सामने भाजपा नेता नरेश मीनू अग्रवाल द्वारा निःशुल्क बी.पी एवं शुगर जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पार्क मे सैर करने आने वाले लगभग 125 पुरुष व महिलाओं का बीपी.व शुगर जांच निःशुल्क की गई। इस अवसर पर नरेश मीनू अग्रवाल ने कहा कि पूर्व सांसद किरण चौधरी का हरियाणा के विकास मे बहुत बड़ा योगदान है तथा समाज में प्रेरणा स्त्रोत बनी हुई है। उन्होंने हमेशा हरियाणा को आगे बढ़ने के लिए काम किया है। आज भी प्रदेश के लोगों के लिए जनकल्याणकारी नीतियां लागू करवाने के लिए आगे रहती है। इस अवसर पर पार्क में भ्रमण करने वाले आगंतुकों का मीनू अग्रवाल ने धन्यवाद किया तथा उनको आश्वशत किया कि अग्रवाल परिवार द्वारा इस तरह के निशुल्क बीपी व शुगर चेकअप कैंप भिवानी शहर के प्रत्येक पार्क में करवाते रहेंगे।



## न्यूज डायरी



### केक काटकर व पौधरोपण कर मनाया जन्मदिन

**तोशाम।** पूर्व मंत्री एवं पूर्व राज्यसभा सांसद और वरिष्ठ भाजपा नेत्री किरण चौधरी का जन्मदिवस तोशाम के पंचायत समिति कार्यालय में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान भाजपा नेता एडवोकेट हरिसिंह सांगवान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने केक काटने उपरांत पौधारोपण कर किरण चौधरी के जन्मदिन पर उनके दीर्घायु व स्वस्थ जीवन की कामना की। इस मौके पर तुलसी व अन्य फलदार पौधे भी बांटे गए। कार्यक्रम का आयोजन पंचायत समिति के वाइस चेयरमैन सुनील भारीवास ने किया।

### वाल्मीकि मंदिर में किरण चौधरी समर्थकों ने लड्डू बांटे

**तोशाम।** शुक्रवार को पूर्व मंत्री एवं पूर्व राज्यसभा सांसद तथा भाजपा नेता किरण चौधरी के जन्मदिन के अवसर पर तोशाम के भगवान वाल्मीकि मन्दिर में कार्यकर्ताओं ने लड्डू बांटकर जन्मदिन का जश्न मनाया। इस अवसर पर मास्टर संजय पहीवाल तोशाम ने कहा कि किरण चौधरी जिन्होने विकास का आयाम बनाया है, ये विकास की प्रतिमूर्ति है।इनके द्वारा करवाए गए विकास कार्य तोशाम हल्के मे विकास की अलग ही छटा बिखेरते है। मास्टर संजय तोशाम का कहना था कि किरण चौधरी ने जनता की आवाज को सदा निडरता व बहादुरी से बुलन्द किया है, और अपने कार्यों से विकास का इतिहास बनाया है।

### मतदाता सूचि के विशेष पुनरीक्षण में सहयोग करें

**बाढड़ा।** मतदाता सूचि के विशेष पुनरीक्षण अभियान यानि एसआईआर मिशन को कांग्रेस कार्यकर्ता सजगता से पूरा करवाने में सहयोग करें। प्रत्येक कार्यकर्ता अपने अपने बूथ पर योग्य मतदाताओं के नाम का ध्यान रखे और फर्जी मतदाताओं को सूचि से बाहर करवाऐं। किसी भी सूरत में अयोग्य व्यक्ति का नाम शामिल न होने पाए इसके लिए गंभीरता से ध्यान रखना चाहिए। यह बात पूर्व मंत्री व कांग्रेस एसआईआर कमेटी के जिला प्रभारी डा. एम एल रंगा ने कस्बे के ब्राह्मण भवन में आयोजित प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए कही।

### दिव्यांगता जागरूकता कार्यक्रम, समावेशी शिक्षा पर बल

**तोशाम।** गांव सरल स्थित जेबीडीएम कॉलेज कॉलेज ऑफ स्पेशल एजुकेशन द्वारा दिव्यांगता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से दिव्यांगता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गांव सरल के गणमान्य नागरिकों, विशेष विद्यालय के विद्यार्थियों के अभिभावकों तथा स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने दिव्यांगता के विभिन्न प्रकारों, उनकी प्रारंभिक पहचान, समावेशी शिक्षा, सरकारी योजनाओं एवं दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## बिना लाइसेंस कारोबार करने वालों पर लगाया 1.05 लाख रुपये का जुर्माना

**भिवानी।** एडीसी दीपक बाबूलाल करवा की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित कार्यालय में खाद्य सुरक्षा से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में मिलावटखोरी और बिना लाइसेंस खाद्य कारोबार संचालित करने वाले मामलों की सुनवाई की गई, जिसमें करीब 1.05 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।एडीसी ने बताया कि दादरी गेट निवासी दिनेश, मैसर्स पालेराम हलवाई पर बिना लाइसेंस कारोबार करने के लिए 4,999 रुपये तथा खाद्य पदार्थों के सब-स्टैंडर्ड पाए जाने पर 69,999 रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसी तरह अशोका कॉलोनी निवासी सुदर्शन कुमार और दिनोद गेट स्थित मैसर्स दर्शन डेयरी पर खाद्य उत्पादों की गुणवत्ता मानकों से कम पाए जाने पर 29,999 रुपये का जुर्माना लगाया गया।बैठक में एडीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए और आमजन के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

## समसपुर में बनेगा नया आंबेडकर भवन विधायक सांगवान ने रखी आधारशिला

**चरखी दादरी।** हरियाणा की नायब सरकार द्वारा ग्रामीण विकास और सामाजिक ढांचे को मजबूत करने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के तहत दादरी विधानसभा क्षेत्र के गांव समसपुर में नए आंबेडकर भवन के निर्माण का कार्य शुरू हो गया है। विधायक सुनील सांगवान ने भवन की आधारशिला रखकर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। करीब 24 लाख रुपये की लागत से बनने वाला यह भवन ग्रामीणों के लिए सामाजिक, सांस्कृतिक और सामुदायिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनेगा। शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सुनील सांगवान ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार गांवों के समग्र विकास को प्राथमिकता दे रही है। इसी सोच के अनुरूप दादरी हल्के में विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। बाबा साहेब के विचार सामाजिक समानता, शिक्षा और



अधिकारों की प्रेरणा देते हैं तथा यह भवन उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने का कार्य करेगा। विधायक ने कहा कि उनकी प्राथमिकता क्षेत्र के प्रत्येक गांव तक विकास पहुंचाना और बिना किसी भेदभाव के सभी वर्गों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना है। निर्माण से ग्रामीणों को बैठकों, सामाजिक आयोजनों, जागरूकता कार्यक्रमों तथा अन्य सामुदायिक गतिविधियों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

## कार्यकर्ताओं की बदौलत सबसे बड़ी पार्टी बनी भाजपा: जेपी दलाल

**बहल।** पूर्व केबिनेट मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं के बल पर विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है। उन्होंने कहा कि संगठन की वास्तविक ताकत बूथ स्तर का कार्यकर्ता होता है। बूथ की मजबूती ही कार्यकर्ता की मेहनत का परिणाम होता है। भाजपा कार्यकर्ताओं को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा संगठन की नीतियों को आमजन तक पहुंचाने का कार्य करना चाहिए। वे शुक्रवार को कस्बे के ओम रिर्जाट में भाजपा की हलकास्तरीय बैठक में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में आगे बढा है। सरकार की नीतियों से एक तरफ देश का आधारभूत ढांचा मजबूत हुआ है वहीं देश आत्मनिर्भरता की तरफ बढ रहा है। सरकार अंत्योदय की भावना से काम करते हुए समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को बराबरी पर ला रही है। महेन्द्रगढ के विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि भाजपा में परिवारवाद को कोई जगह नहीं है।


बहल। पूर्व मंत्री को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

## मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन, कार्रवाई और माफी की मांग

# अग्रवाल वैश्य समाज ने अभद्र टिप्पणी पर जताया विरोध

अग्रवाल समाज को निशाना बना अपमानित करने वाली टिप्पणियां नहीं बर्दाश्त: सुनील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

रोहतक के डीसी के विरुद्ध इनेलो के रोहतक जिलाध्यक्ष नफे सिंह द्वारा की गई कथित अभद्र एवं समाज विशेष को अपमानित करने वाली टिप्पणी को लेकर अग्रवाल वैश्य समाज ने रोष जताया। इस संवेदनशील मामले को लेकर श्रीअग्रवाल सभा ने कड़ा रुख अख्तियार करते हुए शुक्रवार को सीएम नायब सिंह सैनी के नाम डीसी के माध्यम से ज्ञापन भेजकर संबंधित पदाधिकारी के खिलाफ तुरंत उचित कार्रवाई करने और सार्वजनिक माफी मांगने की मांग की है। सभा के अध्यक्ष सुनील सर्राफ ने कहा कि लोकतंत्र और सभ्य समाज में ऐसी भाषा का कोई स्थान नहीं है।



भिवानी। एसडीएम महेश कुमार को ज्ञापन सौंपते अग्रवाल वैश्य समाज के लोग।

### इनेलो के रोहतक जिलाध्यक्ष ने अग्रवाल समाज को नीचा दिखाया: सुनील

सभा के अध्यक्ष सुनील ने कहा कि इनेलो के रोहतक जिलाध्यक्ष ने रोहतक के उपायुक्त के संदर्भ में जो कथित अभद्र और वैश्य (अग्रवाल) समाज को नीचा दिखाने वाली अशोभनीय टिप्पणी की है, वह न केवल निंदनीय है, बल्कि पूरे समाज का घोर अपमान है। सर्राफ ने कहा कि अग्रवाल समाज हमेशा से शांतिप्रिय, देश के विकास में अग्रणी योगदान देने वाला और सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देने वाला समाज है, ऐसे समाज को निशाना बनाकर अपमानित करने वाली टिप्पणियां किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएंगी, इसे लेकर वैश्य समाज में गहरा रोष और आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि संबंधित इनेलो पदाधिकारी अग्रवाल समाज से सार्वजनिक रूप से बिना शर्त माफी मांगें। इस अवसर पर सुरेश कागची, अधिवक्ता आशीष मित्तल, रामावतार गुप्ता, लखमीचंद अग्रवाल, रत्न लोहिया, अधिवक्ता संजय अग्रवाल, अधिवक्ता मुकेश मित्तल, पंकज कसेरा, राजकुमार अग्रवाल, मुकेश बंसल, पारस डालमिया, उमेश बंसल, पीयूष अग्रवाल, अमन गोयल, सीए अंकुर जैन व अधिवक्ता अजय सर्राफ आदि मौजूद रहे।

## शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: एडीसी

**भिवानी।** एडीसी दीपक बाबूलाल करवा की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में समाधान शिविर समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में एडीसी करवा ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एटीआर को पूरी जांच-पड़ताल और तथ्यों के आधार पर तैयार किया जाए ताकि शिकायतों के दोबारा री-ओपन होने की संभावना ना रहे। एडीसी ने विशेष रूप से री-ओपन तथा लंबे समय से लंबित शिकायतों की विस्तार से समीक्षा करते हुए कहा कि शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए।